आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-112 कटनी ● मंगलवार, 25 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### चंद्रग्रहण, दिखेगा सुपर फ्लावर ब्लड मून



26 मई बुधवार को वैशाख पूर्णिमा का दिन विशेष योग-संयोगों से भरा हुआ रहेगा। इस दिन वैशाख स्नान का समापन होगा। इसी दिन बुध राशि परिवर्तन कर स्वराशि मिथुन में गोचर करने जा रहा है और इसी दिन खग्रास चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है। इसके साथ ही एक विशेष खगोलीय घटना सुपर फ्लावर ब्लड मून भी दिखाई देगी।

### वक्री होने के साथ शनिदेव की टेढ़ी चाल शुरू

शनिदेव रविवार 23 मई से वक्री हो गए हैं। शनिदेव



लगभग 141 दिनों तक यानी 11 अक्टूबर 2021 तक मकर राशि में वक्री रहेंगे। शनि की इस वक्री चाल का असर सभी 12 राशियों में देखने को मिलेगा। कुछ राशियों को ये लाभ देंगे वहीं कुछ राशि वालों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। शानिदेव की पूजा करके इन परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता है। हालांकि, शनिदेव की पूजा में बहुत-सी बातों का ध्यान रखना पड़ता है।

# मंगल को कोराना पर वार

## 40 दिन बाद दो लाख से कम केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के केस लगातार गिर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अब कोरोना महामारी की दूसरी लहर काबू में आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में कोरोना के 1,96,427 नए केस सामने आए हैं। यह 40 दिन बाद है कि एक दिन में 2 लाख के कम मरीज सामने आए हैं। इस बीच, 3,26,850 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं, वहीं 3,511 मरीजों की मौत हुई है। इस तरह भारत में कोरोना महामारी का कुल आंकड़ा 2,69,48,874 हो गया है। इनमें से 2,40,54,861 मरीज ठीक हुए हैं। मृतकों की कुल संख्या 3,07,231 हो गई है। अभी देश में 25,86,782 एक्टिव केस हैं। इस बीच, काली फफूंद या काली फंगस के केस बढ़ते जा रहे हैं। ताजा खबर यह है कि फंगस ने 18 राज्यों में अपने पैर पसार लिए हैं जहां कुल मिलाकर 5,424 मरीज सामने आए हैं। महामारी कानून में अधिसूचित




होने के बाद विभिन्न राज्यों ने म्यूकोरमायकोसिस यानी ब्लैक फंगस से ग्रसित मरीजों की जानकारी केंद्र सरकार को भेजनी शुरू कर दी है। 5,424 मरीजों में से 4,556 मरीजों को कोरोना से संक्रमित होने के बाद ब्लैक फंगस हुआ है।

### ब्लैक फंगस के सबसे कारण डायबिटीज

कोरोना को लेकर गठित मंत्रिमंडलीय समूह की 27वीं बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने देश में फंगस संक्रमण की ताजा स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि इसके सबसे ज्यादा मरीज गुजरात में 2,165 और महाराष्ट्र में 1,188 हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 663, मध्य प्रदेश में 590, हरियाणा में 339 और आंध्र प्रदेश में 248 मरीज भी अभी तक पाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फंगल संक्रमण के लिए डायबिटीज को सबसे अधिक जिम्मेदार बताया जा रहा है और आंकड़ों से इसकी पुष्टि भी होती है। इससे संक्रमित होने वालों में 55 फीसद डायबिटीज के मरीज हैं। वैसे हर्षवर्धन ने यह नहीं बताया कि जिन लोगों को डायबिटीज नहीं है, वे फंगल संक्रमण के शिकार कैसे हुए।कोरोना महामारी की दूसरी लहर में लगातार हालात बेहतर हो रहे हैं। पिछले 11 दिनों से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या नए मामलों से अधिक बनी हुई है।

### क्रिकेट अपडेट



## राह चलते युवक का टेस्ट करने की कोशिश

**नगरथपेठ।** कर्नाटक के नगरथपेट में एक युवक को लात-घूंसों से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि उस युवक को जबरन कोरोना टेस्ट करने के लिए रोका गया। जब उसने विरोध जताया तो मारपीट की गई। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि युवक गलत लाइन में लग गया था। इस पर डॉक्टर व कर्मचारी भड़क गए और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

## किसानों के समर्थन में सिद्धू, ने घर पर लगाया काला झंडा



**पटियाला।** पंजाब में कृषि कानूनों का विरोध लगातार जारी है। दिल्ली बॉर्डर पर बैठे हुए किसान संगठनों को समर्थन देते हुए पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने कुछ दिन पहले एलान किया था कि वह अमृतसर और पटियाला में अपने घर की छत पर काला झंडा लहराएंगे। इसी के तहत मंगलवार को नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी ने पटियाला में अपने घर की छत पर किसानों के हक काला झंडा लहराया। वहीं अमृतसर में नवजोत सिंह सिद्धू के घर पर उनकी बेटी राबिया सिद्धू की ओर से काला झंडा फहराया गया।

## जयंत चौधरी को चुना गया राष्ट्रीय लोकदल पार्टी अध्यक्ष



**मेरठ।** रालोद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक में आज जयंत चौधरी की अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई। सर्वसम्मति से उन्हें पार्टी का नेता चुन लिया गया। जयंत चौधरी ने अध्यक्ष पद संभालते ही संयुक्त किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए कार्यकर्ताओं से बुधवार को इसमें बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।



## ट्विटर कार्यालय में छापेमारी को लेकर राहुल गांधी ने कसा तंज, बोले- सत्य डरता नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'कोविड टूलकिट' मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर के कार्यालय पर छापेमारी किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि सत्य डरता नहीं है। राहुल गांधी ने हैशटैग टूलकिट के साथ ट्वीट किया कि सत्य डरता नहीं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने टूलकिट को लेकर एक ट्वीट किया। ट्विटर ने इस ट्वीट को मैनिपुलेटेड मीडिया बताया था। इस पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ट्विटर को नोटिस भेजा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ट्विटर से पूछा कि ऐसे क्या तथ्य हैं कंपनी के पास, जिसके आधार पर उसने टूलकिट को लेकर किए गए ट्वीट को मैनिपुलेटेड मीडिया बताया। बाद में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने कथित टूलकिट' मामले की जांच के संबंध में ट्विटर इंडिया के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित कार्यालयों पर सोमवार की शाम छापेमारी की।

# तो क्या कल से भारत में बंद हो जाएंगे फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम !

**नई दिल्ली।** देश में काम कर रहीं सोशल मीडिया कंपनियां यानी फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। केंद्र सरकार ने देश में काम कर रहीं सभी सोशल मीडिया कंपनियों को कुछ नियमों का पालन करने के निर्देश दिए थे और उसके लिए तीन महीने का समय भी दिया था, जो 26 मई को पूरा हो रहा है, लेकिन अभी तक किसी भी कंपनी ने इन नियमों का पालन नहीं किया है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या 26 मई के बाद भारत में फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया कंपनियां बंद हो जाएंगी...? भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 25 फरवरी, 2021 को सभी सोशल मीडिया कंपनियों को नए नियमों



का पालन करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। सोशल मीडिया कंपनियों को भारत में कंप्लायंस अधिकारी, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए कहा गया था और उन सभी का कार्यक्षेत्र भारत में होना जरूरी रखा गया था। शिकायत समाधान, आपत्तिजनक कंटेट की निगरानी, कंप्लायंस रिपोर्ट और आपत्तिजनक सामग्री को हटाना आदि के नियम हैं।

### कल से लागू होंगे नए नियम

आईटी ऐक्ट की धारा 79 के तहत उन्हें इंटरमीडियरी के नाते लाइबलिटी से छूट मिली हुई है, लेकिन इनमें से कई विषयवस्तु के बारे में फैसला कर रहीं हैं, जिनमें भारतीय संविधान और कानूनों का ध्यान नहीं रखा जा रहा। नए नियम 26 मई, 2021 से लागू होने जा रहे हैं। अगर ये कंपनियां इन नियमों का पालन नहीं करती हैं तो उनका इंटरमीडियरी स्टेटस छिन सकता है और वे भारत के मौजूदा कानूनों के तहत आपराधिक कार्रवाई के दायरे में आ सकती हैं।

### भारत में काम के लिए अमेरिका से हरी झंडी...

सोशल मीडिया पर पीड़ित लोगों को यह नहीं पता कि वे किससे शिकायत करें और कहां उनकी समस्या का समाधान होगा। कुछ प्लेटफॉर्म ने इसके लिए छह महीने का समय मांगा है। कुछ ने कहा कि वे अमेरिका में अपने मुख्य कार्यालय से निर्देशों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ये कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, भारत से मुनाफा कमा रही हैं, लेकिन दिशानिर्देशों के पालन के लिए मुख्य कार्यालय से हरी झंडी का इंतजार करती हैं। ट्विटर जैसी कंपनियां अपने खुद के फैक्ट चेकर रखती हैं, जिनकी न तो पहचान बताती है और न ही तरीका कि कैसे तथ्यों की जांच की जा रही है।

### कॉन्टेक्स पर्सन की जानकारी जरूरी

सोशल मीडिया कंपनियों को अपनी वेबसाइट या मोबाइल एप पर फिजिकल कॉन्टेक्स पर्सन की जानकारी देनी होगी। अभी तक केवल कू नाम की कंपनी को छोड़ कर किसी अन्य कंपनी ने इनमें से किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की है।



## कोरोना की रोकथाम और अनलाक को लेकर कैबिनेट बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की वर्चुअल बैठक में कोरोना महामारी को रोकने के साथ प्रदेश को अनलाक करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सीएम ने बैठक के दौरान मंत्रियों से चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए प्रक्रिया तय करना है। मंत्री गण जिन जिलों के प्रभारी हैं वहां की हर स्तर की क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी से बात करें और उसके बाद रणनीति बनाएं की कैसे हमें कर्फ्यू खोलना है। एक बात हमेशा आवश्यक है कोविड अनुरूप व्यवहार इसका पालन हो। आगामी विभिन्न गतिविधियों के निर्धारण के लिए मंत्री परिषद के सदस्यों की 5 समितियां बनाई जाएगी। यह समितियां टीकाकरण, कोविड अनुकूल व्यवहार, जन जागरण, अस्पताल प्रबंधन, आक्सीजन व अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था आदि के संबंध संबंध में समन्वय और प्रबंधन करेंगी।

### स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर

इंदौर सहित प्रदेशभर के स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी मंगलवार से हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। ऐसे में शहर में कोविड की जांच, कोविड कंट्रोल रूम से मानीटरिंग व फीवर क्लीनिक पर जांच जैसे कई कार्य प्रभावित होंगे। इंदौर में वर्तमान में करीब 400 संविदा स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत हैं।

## हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने दिया आदेश

# कलेक्टर फल-सब्जी किराना की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते

**इंदौर ।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने आईपीसी की धारा 144 के तहत कलेक्टर द्वारा लगाए गए कर्फ्यू (टोटल लॉकडाउन) पर नाराजगी जाहिर करते हुए आदेशित किया है कि



कलेक्टर संशोधित आदेश जारी करें एवं सुनिश्चित करें कि फल, सब्जी और किराना की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में इंदौर कलेक्टर द्वारा लागू किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश को याचिकाकर्ता चंचला गुप्ता की ओर से अधिवक्ता अभिनव मल्होत्रा ने जबलपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कलेक्टर ने इंदौर में फल, सब्जी एवं किराना तक की बिक्री पर रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस मो. रफीक, जस्टिस अतुल श्रीधरन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए इंदौर कलेक्टर को लोक हित को ध्यान में रखते हुए नए आदेश जारी करने को कहा है। याचिकाकर्ता चंचला गुप्ता ने बताया, उनकी ओर से अधिवक्ता अभिनव मल्होत्रा ने पैरवी की थी।

### फल और सब्जी नहीं खाएंगे तो इम्यूनिटी वीक हो जाएगी

श्री गुप्ता का कहना था कि फल सब्जी की बिक्री बंद होने से आर्थिक नुकसान, स्टॉक का नुकसान, हजारों मरीज भर्ती हैं, जिनकी डाइट में फल और सब्जी शामिल हैं। यदि लोग फल एवं सब्जी नहीं खाएंगे तो उनकी इम्यूनिटी वीक हो जाएगी।जब इंदौर में संक्रमण दर काफी थी, तो यह सबकुछ आंशिक रूप से चालू थीं। जब संक्रमण लगातार घट रहा है, तो ऐसे में 10 दिन के लॉकडाउन के आदेश उचित नहीं थे।

## एंटीगुआ से लापता हुआ मेहुल चोकसी क्यूबा जाने की संभावना, पुलिस अलर्ट



**एंटीगुआ।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में आरोपी और भगोड़ा घोषित मेहुल चोकसी एंटीगुआ से भी लापता है। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि उसका परिवार चिंतित है और मुझसे मिलने को कहा है। एंटीगुआ पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। रविवार शाम से एंटीगुआ पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। पुलिस के बयान के मुताबिक, चोकसी को आखिरी बार शाम करीब 5.15 बजे घर से निकलने से पहले एक कार में देखा गया था, जिसे बाद में बरामद कर लिया गया। इसके बाद से ऐसी संभावना जताई जा रही है कि मेहुल चौकसी एंटीगुआ से भागकर क्यूबा चला गया है। स्थानीय मीडिया संस्थान एंटीगुआन्यूजरूम ने पुलिस आयुक्त एटली रॉडने के हवाले से मंगलवार को बताया कि पुलिस भारतीय कारोबारी मेहुल चोकसी का पता लगाने में जुटी है जिसके लापता होने की अटकलें हैं। वहीं रॉयल पुलिस फोर्स ने बताया कि चोकसी की तलाश में पुलिस ने उसकी तस्वीर के साथ एक बयान जारी किया है ताकि लोगों से उसके संबंध में जानकारी हासिल की जा सके।

### फूंक मारने से चल जाएगा कोरोना का पता

**लखनऊ।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के तीन स्नातकों और भारत में जन्में एक प्रोफेसर ने मिलकर विकसित किया है। सिंगापुर में फिलहाल एंटीजन रैपिड टेस्ट के साथ सांस के माध्यम से संक्रमण का पता लगाने वाले इस परीक्षण को किया जाएगा। 'ब्रेफेंस गो कोविड-19 ब्रीथ टेस्ट सिस्टम' नाम के इस उपकरण को एनयूएस की ब्रेथोनिक्स कंपनी ने विकसित किया है। सांस से कोरोना की जांच करने वाला यह दुनिया का पहला उपकरण है। अधिकारियों का मानना है कि इस उपकरण से तेजी से रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है ऐसे में यह देश अनलॉक करने में मदद के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

## 150-160 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा

**कोलकाता।** मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर दी कि अगले 24 घंटे में चक्रवात यास बेहद गंभीर चक्रवात तूफान में तब्दील हो जाएगा। बुधवार को यास बंगाल और ओडिशा के तट पर पहुंचेगा। चक्रवात के टकराने के बाद भारी तबाही से बचने के लिए लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। वहीं गृह मंत्रालय ने चक्रवात यास से प्रभावित होने वाले सभी राज्यों को आश्वासन दिया है कि मंत्रालय उनकी मदद के लिए 24 घंटे तैयार रहेगा। इसके अलावा भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 26




मई की दोपहर को चक्रवात यास उत्तरी ओडिशा और बंगाल के तटों से टकराएगा।

### हिमाचल के बद्दी में बनेगा स्पूतनिक टीका, जून से शुरू होगा उत्पादन

**देहरादून।** कोरोना के नियंत्रण में 97.6 प्रतिशत तक कारगर रूसी वैक्सीन स्पूतनिक वी का अब हिमाचल प्रदेश के बद्दी में बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा। पनेशिया बॉयोटेक कंपनी को पहली बार इतनी बड़ी असाइनमेंट मिली है। यहां बनने वाली वैक्सीन की गुणवत्ता की देख-देख रूस से की जाएगी। इसकी आपूर्ति भी रूस को ही ही जाएगी। बताया जा रहा है कि रूस ने भारत में स्पूतनिक वी की 18 मिलियन खुराक भेजने की योजना की घोषणा की है, जिसमें मई माह में 30 लाख, जून में 50 लाख और जुलाई में 10 मिलियन खुराक शामिल है।

## बच्चों पर खतरा वाली बात में दम नहीं

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों के लिए सबसे अधिक खतरा है। इस पर, सरकार के राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) के कोविड-19 संबंधी कार्यसमूह के प्रमुख ने



कहा, यह मानने के कोई कारण मौजूद नहीं है कि आने वाले हफ्तों, महीनों या कोविड-19 की अगली लहर में बड़ी संख्या में बच्चे इससे प्रभावित होंगे। हालांकि, उन्होंने बाल कोविड सेवाओं में सुधार के लिए अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत पर जोर जरूर दिया।कार्यसमूह के प्रमुख डॉ. एन.के. अरोड़ा ने एक साक्षात्कार में बताया कि अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं है कि कोरोना विषाणु संक्रमण की तीसरी लहर में बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। मौजूदा आंकड़े भारत में वायरस के विभिन्न स्वरूपों द्वारा बच्चों या युवाओं को विशेषतौर पर प्रभावित करने संबंधी कोई पूर्वानुमान नहीं दिखाते हैं।




# मई था कोरोना काल का सबसे घातक महीना

**नई दिल्ली।** देश में पिछले साल कोरोना महामारी के दस्तक देने से लेकर अब तक का सबसे घातक महीना मई साबित हुआ है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि देश में एक मई के बाद से अब तक 95,390 लोगों ने संक्रमण के चलते दम तोड़ा है, जो मृतकों की कुल संख्या का 31.41 फीसदी है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना वायरस से कुल 2.67 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं। इनमें से 1.45 करोड़ यानी 54.32 फीसदी लोग 1 अप्रैल के बाद संक्रमित हुए हैं।आंकड़ों के मुताबिक, देश में महामारी के दस्तक देने से लेकर अब तक कुल संक्रमित में से 79.89 लाख लोग मई में संक्रमित हुए हैं, जो कुल संक्रमितों का 30 फीसदी है।



### अप्रैल की अपेक्षा मई में गई दोगुना लोगों की जान

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में सोमवार तक कोरोना संक्रमण के चलते 3,03,720 लोगों की मौत हो गई। ब्राजील, अमेरिका के बाद अब भारत तीसरा ऐसा देश बन गया, जहां पर कोरोना महामारी की वजह से तीन लाख से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई है। महामारी की दूसरी लहर ज्यादा घातक साबित हुई है। कुल मरने वालों में से सिर्फ अप्रैल और मई महीने में 46 फीसदी की मौत हुई।एक अप्रैल से अब तक देश में 1.40 लाख लोगों की जान जा चुकी है। अकेले मई में 95390 मौतें हुई हैं। मई में अप्रैल से दोगुना मौतें हुईं।

## भाजपा ने शुरू की यूपी चुनाव की तैयारी केशव मौर्य हो सकते हैं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष



**लखनऊ ।** कोरोना के दूसरे आक्रमण से जूझते देश में अब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सबसे बड़ी चिंता उत्तर प्रदेश को लेकर है। रविवार को भाजपा नेतृत्व की शीर्ष स्तर की लंबी बैठक के बाद बनी रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सत्ताकेंद्र को विकेंद्रित करने, संगठन को सरकार के समानांतर शक्ति संपन्न बनाने का फैसला किया गया है। यह जानकारी देने वाले सूत्रों का कहना है कि उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को एक बार फिर प्रदेश संगठन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है और गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाकर अधिकार संपन्न किया जा सकता है।

# कल बैशाख पूर्णिमा पर बन रहे अनेक संयोग

## चंद्रग्रहण के दौरान दिखेगा सुपर फ्लावर ब्लड मून

**कटनी।** कल 26 मई बुधवार को वैशाख पूर्णिमा का दिन विशेष योग-संयोगों से भरा हुआ रहेगा। इस दिन वैशाख स्नान का समापन होगा। इसी दिन बुध राशि परिवर्तन कर स्वराशि मिथुन में गोचर करने जा रहा है और इसी दिन खग्रास चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है। इसके साथ ही एक विशेष खगोलीय घटना सुपर फ्लावर ब्लड मून भी दिखाई देगी।



### कई हिस्सों में दिखाई नहीं देगा ब्लड मून

बुधवार को चंद्रग्रहण के कारण सुपर फ्लावर ब्लड मून की घटना होगी। हालांकि भारत में चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से नीचे रहने से देश के कई हिस्सों में ब्लड मून दिखाई नहीं देगा। सूर्य और चंद्रमा के बीच में पृथ्वी आने की घटना को चंद्र ग्रहण कहा जाता है। इस स्थिति में पृथ्वी की छाया चंद्रमा की रोशनी को छुपा लेती है। जिसके कारण सूर्य की रोशनी जब पृथ्वी के वायुमंडल से टकराकर चंद्रमा पर पड़ती है तो चंद्रमा ज्यादा चमकीला दिखाई देता है। जब चंद्रमा पृथ्वी के पास धीरे-धीरे पहुंचता है तो वह ज्यादा चमकीला दिखाई देता है। इस कारण उसका आकार भी बड़ा दिखाई देता है। कुछ जगहों से देखने पर यह अलग-अलग रंगों में दिखाई देता है। इस घटना को सुपर फ्लावर ब्लड मून कहा जाता है।

### बुध का होगा स्वराशि मिथुन में प्रवेश

ग्रहों में राजकुमार कहलाने वाला बुध 26 मई को सुबह 8:55 बजे स्वराशि मिथुन में गोचर करेगा। मात्र पांच दिन बाद अर्थात 30 मई को सूर्योदय पूर्व तड़के 4:05 बजे वक्री हो जाएगा और तीन जून को सूर्योदय पूर्व रात्रि में 2 बजकर 11 मिनट पर वक्री अवस्था में पुनः वृषभ राशि में लौट आएगा। इस प्रकार मात्र नौ दिनों में वापस मिथुन से वृषभ राशि में आ जाएगा। संयोग की बात यह कि तीन जून को ही प्रातः 6:14 बजे बुध पश्चिम में अस्त भी हो जाएगा। इसके बाद 7 जुलाई 2021 को प्रातः 11:05 बजे पुनः मिथुन राशि में गोचर करेंगे। बुध के इन परिवर्तनों से प्रकृति, पर्यावरण, मौसम और मनुष्यों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा। लोगों की वाणी मृदु होगी, आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, कार्यों को गति मिलनी शुरू होगी। रोगों पर लगाम लगेगी। मौसम में तेजी से बदलाव आएगा। गर्मी बढ़ेगी, आंधी, तूफान, वर्षा की आशंका रहेगी।

### वैशाख स्नान का होगा समापन

एक माह से जो लोग वैशाख स्नान कर रहे थे, उसका समापन वैशाख पूर्णिमा पर होगा। पूर्णिमा तिथि 25 मई को रात्रि में 8:31 बजे से प्रारंभ होकर 26 मई को सायं 4:45 बजे पूर्ण होगी। वैशाख स्नान के समापन पर विधिवत भगवान विष्णु लक्ष्मी का पूजन करके ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को यथाशक्ति दान-दक्षिणा देना चाहिए।

### इसलिए भी खास दिन

26 मई को बुद्ध जयंती और कूर्म जयंती भी है। इसी दिन अकाल मृत्यु और रोगों से मुक्ति के लिए यम के निमित्त जलकुंभ का दान किया जाता है। एक मिट्टी के कुंभ में जल भर कर दान देने से अकाल मृत्यु की आशंका टल जाती है।

# चक्रवात में बदला तूफान यास

### आज से बढ़ेगा तापमान

कटनी। बंगाल की खाडी में उठ रहा तूफान यास चक्रवात बन गया है। आज मंगलवार को समुद्र में रहकर तीव्र चक्रवाती तूफान में बदलकर यह सिस्टम कल 26 मई को पश्चिम बंगाल और उडीसा के बीच टकरा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक इस तूफान का शहर में व्यापक असर होने की संभावना नहीं है। हालांकि इसके प्रभाव से तेज हवाएं चलने के साथ ही हल्की बारिश होने के आसार हैं। उधर वातावरण में नमी की कम होने से अधिकतम तापमान में तेजी से बढोतरी का सिलसिला शुरू होगा। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के मध्य भाग में उत्तर की तरफ एक ऊपरी हवा का चक्रवात बनने से वातावरण में नमी मिलने लगी थी। साथ ही सुबह के समय करीब नौ बजे से तेज रफ्तार से उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हवा चलने के कारण बादल छाने लगे थे। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान यास के 26 मई को उडीसा और पश्चिम बंगाल के बीच में टकराने की संभावना है। इसके प्रभाव से तेज हवाएं चलने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।



### शुरू के तहन दिन जमकर तपेगा नौपता


मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के मध्य में बना ऊपरी हवा का चक्रवात सोमवार को समाप्त हो गया। नमी कम होते ही बादल छंटने से सोमवार से ही अधिकततम तापमान में तेजी आने का सिलसिला शुरू हो गया है। नौतपा (25 मई से दो जून तक का समय) की शुरूआत में 28 मई तक तीन से पांच डिग्री तक बढोतरी हो सकती है। इसके बाद बूंदाबांदी के आसार बनने से तापमान में गिरावट होने लगेगी।

### बादलों ने लगाया पारे पर ब्रेक

आसमान साफ होते ही सूरज ने सुबह से ही अपनी गर्मी दिखाना शुरू कर दिया था। पारा तेजी से ऊपर बढ़ रहा था लेकिन दोपहर होते ही बादलों ने डेरा डाला और पारे की चाल पर ब्रेक लगा दिया। बादलों के कारण बारिश के आसार भी नजर आने लगे थे। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय हो रहा है। इसी वजह से आसमान पर बादल मंडरा रहे हैं अगले 24 घंटे के दौरान जिले में तेज हवा के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

# कोरोना कर्फ्यू में नहीं मिल रहे पाट्र्स

## मोबाइल और लैपटाप सुधारने में हो रही परेशानी



**कटनी। कोरोना महामारी के दौरान लगातार कर्फ्यू लगने से इलेक्ट्रानिक्स और इलेक्ट्रिकल का क्षेत्र भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। खासकर रोजमर्रा में काम आने वाले उपकरणों में लगने वाले पाट्र्स की कमी आने से इन्हें सुधरवाने में बड़ी परेशानी आ रही है।**

मोबाइल, लैपटाप, एलईडी, फ्रीज, वाशिंग मशीन और एसी जैसे उपकरणों के पाट्र्स दिल्ली और अन्य प्रदेशों से मंगाए जाते हैं। ज्यादातर सामान चीन, जापान, इंडोनेशिया, अमेरिका और अन्य देशों से मंगाया जाता है। यह दिल्ली और मुंबई के रास्ते शहर में पहुंचता है। दो महीनों में खराब हुए उपकरणों को सुधरवाने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वारंटी में चल रहे कई कंपनियों के उत्पादों को सुधरवाने में भी समय लग रहा है। कंपनियों का कहना है कि रिपेयरिंग केंद्र बंद है और इस समय पाट्र्स भी नहीं आ रहे हैं इसलिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। शहर के मेनरोड क्षेत्र की दुकानें भी बंद होने से उपकरणों के पाट्र्स उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी रिपेयरिंग केंद्रों को खोलने की अनुमति नहीं है। ऐसे में लोग अपने स्तर पर इंजीनियर की तलाश करके काम करवा रहे हैं लेकिन वे भी बहुत सामान्य परेशानियों को ही दूर कर पा रहे हैं।

### घर में सुधार रहे परिचितों के उपकरण

कचहरी चौक स्थित गुप्ता कम्यूनिकेशन नाम से इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों की दुकान संचालित करने वाले प्रियांशु गुप्ता का कहना है कि जब से शहर बंद है, काम पूरी तरह बंद करना पड़ा। शहर के कई परिचित उपकरणों को सुधरवाने का निवेदन करते हैं तो घर पर ही थोड़ा बहुत काम करके दे रहे हैं। हालांकि अभी बहुत जरूरी उपकरणों को ही सुधारने पर जोर दे रहे हैं। इसमें मोबाइल, कंप्यूटर सिस्टम और टीवी मुख्य हैं। पहले से बचे हुए सभी पाट्र्स अब खत्म हो गए इसलिए सभी को इंतजार करने के लिए कह रहे हैं।

### कंसंट्रेटर के भी नहीं मिल रहे उपकरण

महामारी के प्रकोप में आक्सीजन कंसंट्रेटर की आवश्यकता भी लोगों को हो रही है। कई ने महंगे दामों पर इन्हें खरीदा है। हालांकि चीन के बने कंसंट्रेटर कुछ ही दिन में खराब हो रहे हैं। इन्हें भी सुधरवाने में परेशानी आ रही है। वारंटी के लिए कंपनियां इंतजार करने के लिए कह रही हैं। धवन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर के संचालक कहना है कि कंसंट्रेटर के फिल्टर, पावर सप्लाई और कुछ बेसिक सामान ही मिल पा रहा है। मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले रवि का कहना है कि मोबाइल के फोल्डर, आइसी, डिस्प्ले और पावर सप्लाई से संबंधित सामग्री की कमी बनी हुई है। इसके चलते घर पर मोबाइल सुधरवाने आने वाले कई लोगों को वापस भेजना पड़ रहा है।

# अब कंट्रोल रूम में कम आ रही शिकायतें वेक्सीनेशन की जानकारी ले रहे लोग

**कटनी।** कोरोना काल में संक्रमण से बचाव हेतु लगाये गए कोरोना कर्फ्यू को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को निगम से संबंधित सेवाओं की शिकायतों का आसानी से घर बैठे निराकरण की सुविधा का लाभ प्रदान करानें के उद्वेश्य से जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरनिगम कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।



कंट्रोल रूम प्रभारी नागेन्द्र पटैल प्रभारी कार्यालय अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकगण निकाय से संबंधित सेवाओं का निराकरण घर बैठे ही करा सके इस हेतु कंट्रोल रूम में दो नंबर 07622 220877 तथा टोल फ्री नंबर 18002330877 जारी किये गए है। कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों द्वारा तीन पालियों के माध्यम से आठ-आठ घंटे सेवाएं प्रदान की जा रही है। कंट्रोल रूम को 24 घंटे सातों दिवस नागरिकों की सुविधाओं हेतु कार्यरत रखा जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त होनें वाली शिकायतों को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित कर शीध्र निराकरण के प्रयास कराये जा रहे है। कंट्रोल रूम प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल रविवार के दिन भी कंट्रोल रूम खोला जाकर नागरिकों को संवांए प्रदान की गई तथा प्रातः 11 बजे तक प्राप्त कुल 138 शिकायातों का निराकरण संबंधित विभाग की ओर प्रेषित कर कराया जा चुका है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नागरिकों से संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुए टोल फ्री नंबर के माध्यम से नगरनिगम से संबंधित सेवाओं का निराकरण कराते हुए अपनें घरों पर ही सुरक्षित रहने की अपील की है।

### बुद्ध जयंती में मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय बंद रहेगा

कटनी। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिक निगम कटनी नें जानकारी देते हुए बताया कि कल 26 मई दिन बुधवार को बुद्ध जयंती होनें के कारण समस्त पशुवध गृह मांसाहारी पदार्थए मुर्गी, मछली आदि का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। आपने समस्त पशुवध शालाओं के संचालकों को सूचित किया है कि 26 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण मांसाहारी पदार्थ न बेचे न खरीदें न पकाये। आदेश का उल्लंधन करने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



# भाजयुमो ने जलाया कमलनाथ का पुतला

**कटनी।** कोरोना को भारतीय वैरिएंट बताने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश नेतृत्व के आव्हान भाजयुमो कटनी ने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि संकट के इस समय में भी जनता को बरगलाना और कोरोना के वैरियंट को भारतीय कहना पूर्णतः देश द्रोह है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री देश की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। कमलनाथ 1984 के दिल्ली दंगों में शामिल थे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की इस देशद्रोही विचारधारा के विरोध में कटनी जिले में कमलनाथ का पुतला दहन किया। प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द इनपर देश द्रोह का मुकदमा दायर हो। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, चेतन हिंदुजा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, केशव मिश्रा, जिला महामंत्री मयंक गुप्ता, आशीष मिश्रा, विष्णुशंकर मिश्रा, रुद्र श्रीवास, राजू जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# किल कोरोना-3 : कोविड सहायता केन्द्रों में पहुंचकर लोग करा रहे सर्दी, बुखार और खांसी की प्राथमिक जांच





**कटनी।** नगर निगम कटनी क्षेत्रान्तर्गत कोविड महामारी के संक्रमण के प्रसार को रोकनें तथा अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मुहैया करानें के उद्धेष्य से शासन निर्देशों के परिपालन में जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में किल कोरोना - 3 अभियान के तहत नगर निगम के चारों जोन कार्यालयों मे स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से सर्दी, खॉसी एवं बुखार के मरीजों की प्राथमिक जांच की जाकर निःशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है। संक्रमण पर लगाम लगाने तथा अभियान के तहत प्रदान की जानें वाली सुविधा का आमजनों को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने हेतु कोविड सहायता केन्द्रों का प्रचार प्रसार सहित वार्डो में भ्रमण कर सर्दी, खॉसी एवं बुखार के पीडित मरीजों को प्राथमिक इलाज की सुविधा प्राप्ति हेतु कोविड सहायता केन्द्रों में भेजा जाकर निःशुल्क ईलाज कराने की अपील की जा रही है। कोविड सहायता केन्द्र प्रभारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कि किल कोरोना अभियान के तहत नगर के 45 वार्डो के नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु जोनवार स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से आज जोन क्रमांक 01 बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर से 7 मरीज, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाड़ी केन्द्र में 22 मरीज, जोन क्रमांक 3 टी.सी बजान स्कूल परिसर में 1 मरीज तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में स्थापित कोविड सहायता केन्द्र से 5 सर्दी, खॉसी एवं बुखार के मरीजों ने अपनी जांच कराते हुए निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयॉ प्राप्त की।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**रीठी जनपद का मामला, विकास सहित अन्य कार्य प्रभावित**

## एक महीने से सहायक यंत्री की पोस्टिंग नहीं

### वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी, पत्राचार के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही




**रीठी।** कोरोना संक्रमण के चलते प्रशासनिक अमला इसकी रोकथाम के लिए जुटा हुआ है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका जीता जागता नमूना रीठी जनपद में देखने को मिल रहा है, जहां एक महीने बीतने के बाद भी सहायक यंत्री की पोस्टिंग नहीं की गई है। बताया जाता है कि रीठी जनपद पंचायत पिछले एक महीने से बिना सहायक यंत्री के चल रही है। जिसके चलते कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जबकि अगले कुछ दिनों में बरसात का मौसम शुरू होने को हैं। किसी भी नए कार्य की तकनीकी स्वीकृति टीएस और न ही प्रशासनिक स्वीकृति एएस की अनुमति मिल सकती है। न ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्कालीन सहायक यंत्री आर पी मेहरा विगत 30 अप्रैल को रीठी जनपद से सेवा पूर्ण हो जाने से कार्य मुक्त हो चुके हैं। सेवा काल पूर्ण होने के आज 25 दिन बाद भी किसी सहायक यंत्री की पदस्थापना नहीं की गई है। जिस कारण ग्राम पंचायतों के किये गये कार्यों का सत्यापन न होने के कारण मजदूरी और सामग्री का भुगतान नहीं हो पा रहा है। नवीन कार्यों की स्वीकृति भी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता की जांच भी नहीं हो पा रही, जिसके चलते जनपद क्षेत्र की 56 ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि अनेक पंचायतों के कार्य बिना सहायक यंत्री के किए जा रहे हैं, जो कि नियमविरूद्ध है। इस कार्य में किस अधिकारी द्वारा मूक सहमति दी जा रही है, यह जांच का विषय है। वास्तविकता यह है कि एक महीना बीतने को हैं, लेकिन जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जानकारी में बताया जाता है कि रीठी सीईओ प्रदीप सिंह द्वारा सहायक यंत्री के सेवाकाल पूर्ण होने के साथ ही नई पदस्थापना किये जाने के लिए पत्राचार किया गया है, ताकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक विकास योजनाओं का क्रियान्वयन, खाली पद की पूर्ति कर किया जा सके, साथ ही कार्य प्रभावित नहीं हो लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।



## विपदा में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आया होप ग्रुप



**कटनी।** होप ग्रुप द्वारा पिछले 2 सालो से प्रत्येक रविवार को कटनी शहर में रह रहे जरूरतमंद लोगों को रोटी बांटने का कार्यक्रम किया जाता रहा है, साथ ही मूक पशुओं को भी आहार वितरित करने का कार्य किया जा रहा है एवं किसी भी समारोह में बचा हुआ खाना एकत्रित करके बांटने का कार्य भी ग्रुप द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में विगत रविवार को 109वीं उम्मीद की रोटी बांटने का प्रोग्राम किया गया। जिसमें होप ग्रुप के सदस्यों द्वारा शहर में रह रहे जरूरतमंद बेसहारा लोगों को खाने के पैकेट, बिस्किट बच्चों एवं आवारा पशुओं को प्रदान किया गया। इस प्रोग्राम में विशेष सहयोग श्री निस्ठा, स्मर्ति करपेते का योगदान रहा। इसके अलावा ग्रुप के सदस्य राम कछवाहा, नितेश नायक, स्मर्ति करपेते द्वारा इस कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।

## गांव-गांव पहुंचकर लगातार स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे युवा




**कटनी।** अशोका एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के सदस्य जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के निर्देशन में कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु एवं बचाव हेतु जनजागरण का कार्य कर रहे हैं। गत दिवस सदस्यों ने गांव गांव पहुंचकर विभिन्न बस्तियों में लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग, ऑक्सीजन लेवल, ब्लड प्रेशर की जांच की। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो के सांसद विष्णुदत्त शर्मा की मंशानुसार शासन प्रशासन का सहयोग करना हमारा कर्तव्य है। गांवों में कोरोना का संक्रमण अधिक ना बढ़े, वैक्सिनेशन के प्रति नागरिक भ्रमित ना हों इसके साथ ही उन्हें समय पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों इसके लिए हमारी समिति सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में समिति के सदस्यों ने ग्राम पहाड़ी, देवरी, तखला आदि गांवो में घर घर पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें जागरूक किया।

## रॉकिंग डांस क्लासेस द्वारा ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन का आयोजन

**कटनी।** रॉकिंग डांस क्लासेस द्वारा ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन का आयोजन किया गया है। आरडीसी के संचालक तरूण ठाकुर ने बताया कि ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन में भाग लेने वाले प्रतिभागी घर बैठे जीत 2100 रूपए का नगद इनाम जीत सकते हैं और सोशल मीडिया में डांस किंग बन सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1 मिनट का डांस वीडियो व्हाट्सएप नंबर 9300111803 अपना नाम, उम्र, जन्मतिथि के साथ भेज सकते हैं। ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन तीन आयु वर्ग में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे सब जूनियर 3 से 8 आयु वर्ग, जूनियर 9 से 15 आयु वर्ग एवं सीनियर में 16 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। वीडियो फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए जाएंगे। ज्यादा लाइक आने वाले वीडियो को फाइनल राउंड के लिए सेलेक्ट किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 मई के पहले अपना वीडियो सेंड कर सकते हैं। तरूण ठाकुर ने बताया कि वीडियो घर का होना चाहिए। स्टेज परफार्मेन्स का नहीं होना चाहिए। उन्होंने शहर की युवा प्रतिभाओं से ऑनलाइन डांस कॉम्प्टीशन में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## सेवा भारती ने शासकीय चिकित्सालय में किया भोजन का वितरण




**कटनी।** सेवा भारती कटनी के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना महामारी के दौरान गत एक महीने से निरंतर शासकीय चिकित्सालय में प्रतिदिन भोजन वितरण, काढ़ा, गरम पानी एवं मास्क, सैनिटाइजर आदि आवश्यक सामग्रिया वितरित की जा रही है जो व्यक्ति शासकीय चिकित्सालय में आसपास के क्षेत्रों एवं गांव से आकर अपना इलाज करवा रहे हैं उनके परिजनों को लॉकडाउन में होटल बंद होने के कारण उन्हें भोजन एवं अन्य सामग्री प्राप्त नहीं हो पाती इस समस्याओं को देखते हुए सेवा भारती द्वारा यह सेवा कार्य किया गया। सेवा कार्य में लगे हुए स्वयंसेवक मास्क एवं ग्लव्स पहनकर निरंतर निस्वार्थ भाव से प्रतिदिन सेवा दे रहे हैं जिसमे किशोर, ओचानी अजय शर्मा, दिनेश गुप्ता, नीलेश विश्वकर्मा एराजकुमार असरानी जीएआयुष बर्मनए सतीश गुप्ता एरवि देववंशी उपस्थित रहते है। सेवा भारती के सचिव किशोर ओचानी द्वारा बताया गया जब तक लॉकडाउन पूर्ण रूप से नहीं खुल जाता यह सेवा कार्य अनवरत जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि सेवा भारती द्वारा नई बस्ती में स्वरस्वती विद्यालय स्थित कोविड केयर सेंटर भी प्रारंभ किया गया था जिसम शासकीय चिकित्सालय द्वारा रेफर किए गए मरीजों की देखभाल एवं उनके भोजन वितरण का कार्य सभी स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है जहां से लगभग आधा दर्जन से अधिक मरीज स्वस्थ होकर वापस घर लौट चुके है। आरती द्वारा गत दिवस रक्तदान शिविर भी सरस्वती विद्यालय में आयोजित किया गया था जिसमें सभी नवयुवकों द्वारा रक्तदान किया गया था।

## संत आसारामजी बापू को कोरोना महामारी में मिलनी चाहिए रिहाई



**कटनी।** श्री झूलेलाल सेवा मंण्डल माधव ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि इस कोरोना महामारी जैसी घातक बीमारी के चलते जहां माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन है कि कोविड 19 के कारण कैदियों को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए और किया भी गया है परन्तु एक ऐसे संत जिन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। देश विदेशों में उनके करोड़ों अनुयायी है, जिनको बहुत पीड़ा है। पूज्य बापूजी ने अपने सत्संगों के माध्यम से करोड़ों लोगों को जीवन जीने की सही राह दिखाई है, कईयों के व्यसन छुड़वाये ए सभीको सुखी स्वस्थ्य एवं सम्मानित जीवन जीने की कला सिखाई, कई बच्चों को बाल संस्कार केन्द्रो के माध्यम से सनातन संस्कृति की शिक्षा दी व उनको पतन से बचाकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाया है । आज हर वर्ष पूज्य बापूजी की प्रेरणा से 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस सारे विश्व में मनाया जाता है । ऐसे ब्रम्हज्ञानी संत के साथ ऐसा व्यवहार क्यों हो रहा है, ऐसा सोचने पर हम सब आज मजबूर है और साढ़े सात वर्षो से हर बार तारीख पर तारीख मिलना भी न्याय प्रणाली पर प्रश्न खड़ा कर देता है। सेवा मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति ए प्रधानमंत्री व न्याय पालिका से निवेदन किया है कि 85 वर्षीय संत आसारामजी बापू को उचित न्याय मिले, जिससे देश की जनता का न्याय पालिका पर भरोसा कायम रहे।

## लॉकडाउन में गरीबों एवं असहायों के भोजन की व्यवस्था करा रहा नगर निगम प्रशासन





**कटनी।** कोविड. 19 के संक्रमण से बचाव हेतु जारी कोराना कर्फ्यू काल की अवधि में नगर के गरीब असहाय एवं प्रवासी मजदूरों को भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दीनयाल अत्योदय रसोई योजना के माध्यम से भोजन की व्यवस्था कराई जाकर पैकिटों के माध्यम से भोजन का वितरण नगर के विभिन्न स्थलों में किया जा रहा है। भोजन वितरण प्रभारी अभिषेक अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा आज रसोई के माध्यम से भोजन की व्यवस्था कराई जाकर नगर के विभिन्न स्थलों जालपा देवी मंदिर के बाहरए घंटाघर क्षेत्र, शनि मंदिर ओव्हर ब्रिज के नीचे, कोतवाली क्षेत्र सहित नगर के अन्य स्थलों में भ्रमण किया जाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकिटों का वितरण किया गया।

## नाले में फंसी गौमाता को गौसेवकों ने निकाला सुरक्षित





कुठला चौकी के पीछे सुबह से 7 घंटे नाली में एक गौमाता फसी हुई है जो कि बहुत बूढ़ी हो गई है। जिसकी जानकारी गौमाता उपचार केंद्र के अध्यक्ष सतीश सोनी को मिली। सतीश सोनी ने तुरन्त वहां पहुंच कर जान जोखिम में डाल कर नाली में घुस गए एवं वहीं स्थानीय महाकाल सरकार सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी द्वारा गौसेवकों की मदद से गौमाता को रस्सियों से बांधकर सुरक्षित निकाला गया।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## जन सहयोग से जल्द ही जीतेंगे कोरोना की जंग

### 16वें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र से भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जरूरतमंदों की सेवा




**कटनी।** आज देश ही नही अपितु संपूर्ण विश्व कोरोना वायरस के खतरे ने सम्पूर्ण मानव जाति को घोर संकट में लाकर खड़ा कर दिया है। मप्र में शिवराज सिंह चैहान एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में जी जान से जुटे हैं। कटनी के जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केंद्र से आज लगातार 16वें दिन कोरोना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को भोजन, गर्म पानी आदि देकर उनकी सहायता भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता कोरोना पीड़ितों, उनके परिजनों के साथ ही जरूरतमंदों, गरीबों, और कोरोना संकट में पीड़ितों की सहायता में जुटे हैं। इस संकट से निपटने के लिए भाजपा अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता की सहयोग से कटनी जिले में धीरे-धीरे कोरोना के केस कम होते जा रहे हैंए जन सहयोग से हम कोरोना से जल्द ही जंग जीत जाएंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया की आज 16वें दिन सांसद सहायता केंद्र द्वारा भोजन के पैकेट, गर्म पानी, आयुष का त्रिकुट काढा, सादा पानी, बिस्किट, मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण कर उनकी सहायता की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतमए, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## दो वरिष्ठ खंड अभियंता संकेत के बीच जमकर हुआ विवाद

### पुलिस ने पहुंचकर शांत कराया मामला, कई दिनों से चल रहा था झगड़ा

**कटनी।** वरिष्ठ खंड अभियंता संकेत कार्यालय में पदस्थ दो अधिकारियों के बीच जमकर विवाद का मामला सामने आया है। विवाद इतना बढ़ाया कि झूमाझटकी तक पहुंच गया। एक अधिकारी ने मौके पर पुलिस बुलाई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार कार्यालय वरिष्ठ खंड अभियंता संकेत महेश कुमार कोरी और वी वी मौर्या के बीच मुड़वारा कार्यालय में विवाद हो गया है। विवाद इतना बढ़ा कि महेश कुमार कोरी ने डायल 100 पुलिस को बुलाया। सहायक संकेत दूरसंचार अभियंता विभागीय जांच कराने की बात कही है। बताया जा रहा है कि वी वी मौर्या प्रभारी हैं लेकिन महेश कोरी से जूनियर हैं। कोरी द्वारा सूचना के अधिकार के तहत कुछ जानकारी भी मांगी गई है लेकिन यह बात मौर्या को रास नहीं आई। इसको लेकर धमकी भी दी गई है। इसके अलावा कोरी भी मौर्या के कार्यालय में बैठते हैं, इसको लेकर भी विवाद हो रहा है। इसी बात को लेकर विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा पूर्व में दो बार प्रदर्शन कर मौर्या को हटाने की मांग कर चुके हैं, पूर्व से विवादित हैं। बताया जा रहा है कि डायल 100 पुलिस ने मामले को शांत कराया, इसके बाद मामला जीआरपी पहुंचा है। इसको लेकर वेंस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला ने कहा कि लगातार वी वी मौर्या द्वारा कर्मचारियों से अभद्रता की जाती है। 10 दिन बाद कार्यालय पहुंचे और कोरी से अभद्रता की। जबलपुर मंडल के अधिकारियों से भी कई बार शिकायत की गई है। प्रभावी कार्रवाई न होने से वी वी मौर्या की मनमानी जारी है। मंडल अध्यक्ष ने कहा है कि शीघ्र इनको यहां से नहीं हटाया जाता तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**प्रभारी बनने के बाद जूनियर को रास नहीं आ रहा सीनियर के साथ कमरे में बैठना**

# दुकान में बंधक बनाकर व्यापारी से लूटपाट

### हाइवे के बड़ेरा मोड़ में वारदात, नगदी सहित 19 हजार का सामान ले गए नकाबपोश बदमाश



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बड़ेरा मोड़ पर सजावटी सामग्री के दुकान में संचालक के साथ चार नकाबपोश ने कट्टा अड़ाकर न सिर्फ लूट की है बल्कि मारपीट कर उसे दुकान के अंदर बंद कर रफूचक्कर हो गए। बताया जा रहा है कि साढ़े 9 हजार रुपये नगद और 19 हजार की सामग्री लूटकर ले गए हैं। सुबह चिल्लाने पर एक युवक ने शटर खोली जब वह बाहर आया और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 394 के तहत मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पठरा गांव निवासी शुभम साहू 20 मई की रात वह बड़ेरा मोड़ स्थित अपनी दुकान की तकवारी करने के लिए गया था, रात करीब साढ़े 11 बजे वह दुकान से टॉयलेट करने के लिए निकला। दुकान वापस जाते समय एक युवक वहां पर आया और पान मसाला गुटखा मांगने लगा। जिस पर उसने कहा कि गुटखा नहीं। तभी तीन युवक और आ गए। सभी चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे। चारों युवक उसके साथ मारपीट करने लगे और दुकान के अंदर लेकर चले गए। एक युवक ने उस पर कट्टा अड़ा लिया। दुकान में रखे लगभग साढ़े 9 हजार रुपए और दो होम थिएटर सहित उसका मोबाइल लूट लिया। मारपीट करते हुए उसे दुकान अंदर बंद कर भाग गए।

### आरोपियों की तलाश जारी-टीआई

कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि शुभम की शिकायत पर मौका मुआयना करते हुए अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 394 के तहत मामला दर्ज करते हुए उनका सुराग लगाते हुए गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## आग में जलने से दो महिलाओं की मौत

**कटनी।** आग में जलने से दो लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार थाना बाकल क्षेत्र के पटीराजा में 26 वर्षीय यशोदा गोंड पति वीरेन्द्र गोंड आग से जलने के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। सहायक उपनिरीक्षक एस के बडगैंया ने बताया कि पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। इसी तरह रबर फैक्ट्री रोड निवासी 19 वर्षीय रीना चौधरी पिता हीरालाल की आग से जलने से उपचार दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## दो घरों में चोरी

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत दो घरों में चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार चांदपुर छतरपुर रोड लाइन्स पुरैनी जरजार हुसैन ;32द्ध निवासी अमरोहा देहात उप्र सामान से भरा 35 से 40 नग फाइन चोरी हो गई है। इसके अलावा गेंदलाल यादव का मकान ग्राम कुम्हरवारा में सोने चांदी के जेबरात अज्ञाात बदमाशों ने घर में घुसकर पार कर दिए हैं।



## रंगनाथ नगर पुलिस ने जरुरतमंदों को बांटा राशन

**कटनी।** जिले में लगातार पुलिस द्वारा असहायों, गरीबों की मदद की जा रही है। घर-घर जाकर व कार्यक्रम आयोजित कर खाद्यान व किराना साम्रगी का वितरण किया जा रहा है। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल स्टॉफ के साथ गरीबों की बस्ती में जाकर राशन, भोजन बांट रहे हैं। सोमवार को आदिवासी बस्ती में संबल योजना के तहत राशन का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को कोरोना कर्फ्यू पालन करने सहित वैक्सीन लगवाने प्रेरित किया। इसके अलावा बिलहरी चौकी प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई भी लगातार जरुतमंदों को राशन बांट रहे हैं।

## विवाह कर किशोरी से बलात्कार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किशोरी से विवाह कर बलात्कार करने के बाद उसे छोड़ने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर 6 मई को सुभाष वंशकार निवासी मझगवां ले गया। एक मंदिर में विवाह किया और फिर उसे शहर में कहीं पर रखे था और कई बार बलात्कार किया। कुछ दिन के बाद उसे छोड़ दिया है। उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी गई है।

## लॉकडाउन उल्लंघन पर दर्ज हुआ मामला

**कटनी।** वैश्विक महामारी से निजात के लिए जिले में लॉकडाउन चल रहा है। नियम उल्लंघन पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। माधवनगर पुलिस ने बिलहरी मोड़ में बाल गोविंद निवासी बर्मन मोहल्ला झिंझरी पर धारा 144 उल्लंघन की कार्रवाई की है। एनकेजे पुलिस ने कंटगीकला मुकेश जनरल स्टोर के संचालक पर कार्रवाई की गई। कंटगी कला में ही राधे राधे पान भण्डार के संचालक मोहन लाल पर कार्रवाई की गई है। ढीमरखेड़ा पुलिस ने देवरी में गंगाराम लोधी पर बरेली में दीपक पटेल पर कार्रवाई की है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कार्यशाला











**कटनी।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती जिला केन्द्र विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वर्चुअल कार्यशाला सम्पन्न हुई। उद्घाटन सत्र में डॉ. नरेन्द्र कोष्टी -प्रादेशिक सचिव, राघवेन्द्र शुक्ल- विभाग समन्वयक, कमलेश तिवारी, प्राचार्य, रामनेवाज कुशवाहा, प्रधानाचार्य, ओंकार प्रसाद मिश्र, जिलासमन्वक एवं जिले के समस्त प्राचार्य, प्रधानाचार्य, आचार्य परिवार की सहभागिता सराहनीय रही। उद्बोधन में डॉ.नरेन्द्र कोष्टी ने कहा कि हमारे भारत देश में वैदिक काल में गुरूकुल शिक्षा पद्धति लागू थी। जिसके अंतर्गत व्यक्ति को शिक्षा के साथ आश्रम में रहकर जीवन जीने की कला भी सिखायी जाती थी। अंग्रेजों के द्वारा हमारी शिक्षा पद्धति में कुठाराघात किया गया और उन्होंने यहां लार्ड मेकाले की षिक्षा पद्धति लागू कर दी गई। जिससे हमारी भारतीय सभ्यता खतरे में पड़ गई। 34 वर्षो के प्रयास के बाद वर्तमान समय में भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई निष्चित ही इस शिक्षा से हमारा शिक्षा का स्तर श्रेष्ठ होगा, हम ज्ञान व षिक्षा में सर्वश्रेष्ठ होंगे। संस्था के प्राचार्य कमलेश तिवारी ने राष्ट्रीय षिक्षा नीति पर अपने विचार रखते हुए उद्घाटन सत्र में जिले के सभी प्राचार्य,प्रधानाचार्य,आचार्य एंव पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए नरेन्द्र कोष्टी से उद्घाटन सत्र में उद्बोधन प्रदाय हेतु आग्रह किया। कार्यशाला में आचार्य परिवार से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इसका लाभ लेने का आग्रह किया । एवं राष्ट्रीय षिक्षा नीति से संबंधित साहित्य का स्वाध्याय करने के निर्देष दिये। श्री राघवेन्द्र शुक्ल जी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में अमूल परिवर्तन लायेगी, शिक्षण में नवाचार का प्रयोग कर शिक्षण को प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी आचार्य परिवार की है। डॉ. राकेश कुशवाहा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा पर अपना प्रभावी व्याख्यान दिया। कान्ता यादव, (जिला प्रशिक्षण प्रमुख राष्ट्रीय शिक्षा नीति) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय अधिगम प्रतिफल पर प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम का संचालन किया। मधुसूदन बगड़िया, जिलासचिव, दीपक सोनी, अध्यक्ष, श्रीमती अनु श्रीवास्तव, सचिव, चंद्रप्रकाश, बरसैंया, कोषाध्यक्ष ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं आचार्य परिवार को इस क्षेत्र में परान्गत होने हेतु प्रेरित किया।

# संक्रमण होने के बाद भी सेनेटाईजेशन






**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में कोविड-19 महामारी संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें हेतु रोजाना चलाये जा रहे सैनेटाईजेशन अभियान के तहत आज भी नगर के विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।

सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल एवं पंकज निगम नें जानकारी देते हुए बताया कि आज जारी अभियान के तहत प्रातः जगमोहनदास वार्ड स्थित राधास्वामी गली, माली गली, कम्प्यूकार्ड गली, चांडक चौराहा के विभिन्न स्थलों तथा चांडक चौक से धर्मलोक हास्पिटल तक मुख्य मार्ग के दोनो ओर के भवनों, जगमोहन दास वार्ड स्थित विनायक गली, सुखसागर गली, डाक्टर ब्रम्हा जसूजा गली, केवट बस्ती के विभिन्न भवनों, संतनगर क्षेत्र, सिविल लाईन के विभिन्न स्थलों, साधूराम स्कूल प्रांगण के विभिन्न स्थलों, गांधी द्वार से जिला चिकित्सालय तक मुख्य मार्ग के दौनों ओर, दुर्गा चौक, डन कॉलानी, कावसजी वार्ड के विभिन्न स्थलों, आर.पी.एफथाना के पीछे, आसमानी माता मंदिर गली, जैन कॉलोनी, रामकुमार स्कूल के पास, एन.के.जे सहित नगर के अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया गया।

नगर के सार्वजनिक स्थलों दिव्यांचल कोविड केयर, सायना कोविड केयर, बालक छात्रावास राय कॉलोनी , सेवा भारती कोविड केयर केन्द्र, जिला चिकित्सालय परिसर, किल कोरोना- अभियान के तहत स्थापित कोविड सहायता केन्द्र जोन क्रमांक -1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाड़ी परिसर, जोन क्रमांक -3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, जोन क्रमांक 4 उपकार्यालय माधवनगर सहित दुर्गा चौक चैक पोस्ट, पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेषन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, साधूरराम स्कूल कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र, मुख्य रेल्वे स्टेषन, मुडवारा रेल्वे स्टेषन परिसर, बस स्टेण्ड, रैन बसेरा, सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।

# सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार को रोकने किये जा रहे प्रयास

### जलभराव की समस्या से मुक्ति हेतु नाले- नालियों की रोजाना कराई जा रही सफाई







**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे है। रोको-टोको अभियान के माध्यम से नागरिकों में संक्रमण के प्रति जागरूकता के साथ ही नगर के संक्रमित भवनों एवं अस्पतालों से निकलनें वाले कचरे, बायोमेडिकल वेस्ट का उठाव पृथक वाहनों से किया जाकर प्रोटोकाल के तहत निस्तारण कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो अन्य मार्गों की दो पालियों में सफाई के साथ ही सार्वजनिक स्थलों बस स्टेण्ड, चिन्हित सब्जी मंडी स्थलों में सफाई उपरान्त सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें हेतु चूने की लाईनिंग एवं गोले बनानें का कार्य किया जाकर संक्रमण मुक्ति के प्रयास रोजाना किये जा रहे है। नगर के विभिन्न स्थलों सायना कोविड केयर सेंटर, महावीर कोविड केयर सेंटर सहित एम.जी.एम. हास्पिटल के बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव कार्य सहित रहवासी क्षेत्रों के चिन्हित माईक्रो कंटेन्टमेंट भवनों आधारकाप, झर्रा टिकुरिया, झिंझरी एवं अन्य स्थलों से कचरे के संग्रहरण का कार्य किया गया।

के स्वच्छता दूतो द्वारा मिशन चौक, वीर सावरकर वार्ड स्थित बनारसी पान वाले के घर के पीछे वाली गली की सफाई, कावसजी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक सहित नगर के विभिन्न वार्डो की सार्वजनिक सडकों, सूर्या होटल से पन्ना मोड तक, कटाएघाट मोड के सामनें स्थित मुख्य मार्ग के डिवाईडर के दौनों ओर की घूल मिट्टी की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नागरिकों की सुविधा एवं नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे का संग्रहरण किया जाकर कचरा वाहनों के स्थापित साउन्ड के माध्यम से संक्रमण से बचाव हेतु नागरिकों को शासन गाईडलाइन की जानकारी प्रदान की जाकर लॉकडाउन का पालन कर घर में सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है। वर्षा ऋतु पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम पाली में जालपा देवी वार्ड स्थित मुख्य मार्ग के बडे नाले की सफाई, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित साहू जी के मकान के पास की नालियों, कटाये घाट मोड निर्मल सत्य गार्डन के बाजू से नाले की सफाई, कटाये घाट मार्ग के बडे नालों की सफाई उपरान्त कचरे का जे.सी.बी मशीन से उठाव कार्य, कावस जी वार्ड स्थित बालकिशन सक्तेल एवं सुजीत वंशकार के घर के सामनें, नेनसी स्कूल भट्टा मोहल्ला की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य प्रथम पाली में कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com




# वेक्सीनेशन पर दो दिन ब्रेक, निराश होकर लौटे लोग

## अब ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के बिना भी 18 से 44 साल वालों को सरकारी केन्द्रों पर लगेगा टीका

यश भारत खबर विशेष

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए वेक्सिनेशन को सबसे कारगर बताया जा रहा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने वेक्सिनेशन की रफ्तार बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को यह ऐलान कर दिया है कि अब 18 से 44 साल वाले लोगों को टीकाकरण के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं होगी। सरकार की घोषणा के बाद अब कटनी सहित पूरे मध्यप्रदेश में दो दिन वेक्सिनेशन का काम स्थगित रखते हुए कोविड पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है। बताया जाता है कि अब 18-44 वालों को टीकाकरण के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं होगी। ऐसे लोग सीधे केन्द्रों पर जाकर टीका लगवा सकेंगे, इसके लिए उन्हें आधार कार्ड लेकर जाना होगा। उन्होंने बताया कि एक दिन में कितने लोगों को टीका लगेगा और ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग होगी या नहीं, इसका जानकारी आज शाम को होने वाली स्वास्थ्य विभाग की वीडियो कांफ्रेसिंग में दी जाएगी। उधर दूसरी तरफ आज मंगलवार को टीकाकरण स्थगित होने की जानकारी नहीं होने की वजह से पुरानी कचहरी परिसर से लोगों को मायूस लौटना पड़ा।

बताया जाता है कि जिले में आज मंगलवार और कल बुधवार दो दिन टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वैक्सीन का पर्याप्त स्टाक है। आज मंगलवार को वैसे भी नियमित टीकाकरण होता था लेकिन सरकार की घोषणा के बाद कोविड पोर्टल को अपडेट किए जाने और कल बुद्ध पूर्णिमा का शासकीय अवकाश होने के कारण टीकाकरण स्थगित किया गया है। अब 27 मई से पुनः निर्धारित केन्द्रों पर टीकाकरण शुरू किया जाएगा।

### बुकिंग के बाद भी लोगों के नहीं पहुंचने पर सरकार ने लिया निर्णय

बताया जाता है कि अभी तक वैक्सीनेशन के लिए कोविन पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग करना पड़ती थी। बुकिंग के बाद संबधित व्यक्ति को तारीख, समय और टीकाकरण केन्द्र की जानकारी मैसेज के माध्यम से दी जाती थी। लेकिन वैक्सीन के लिए स्लॉट बुक किए जाने के बाद भी लोगों के नहीं पहुंचने की स्थिति में टीकों के खराब होने की खबरें आ रही थीं। इसके अलावा बुकिंग होने के बाद किसी अन्यव्यक्ति को भी टीका नहीं लगाया जा सकता था। इन रिपोर्ट्स के आधार पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह फैसला लिया कि कोरोना वैक्सीन की डोज के लिए 18 से 44 साल की आयु के लोगों को अब पहले से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं होगी, हालांकि टीका लगवाने से पहले मौके पर ही cowin.gov.in पर रजिस्ट्रेशन होगा। इस तरह पहले से बुकिंग के बिना भी अब सीधे ऑनसाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए टीका लगवा सकेंगे।

### सरकार की घोषणा के बाद पोर्टल को किया जा रहा अपडेट


फाइल फोटो : पुरानी कचहरी परिसर वैक्सीनेशन केन्द्र

### जिले में 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के व्यक्तियों की जानकारी

| आयु | संख्या |
|---|---|
| 18 से 19 वर्ष | 22038 |
| 20 से 29 वर्ष | 275141 |
| 30 से 39 वर्ष | 280643 |
| 40 से 44 वर्ष | 102340 |
| कुल योग | 680162 |

### सरकारी वैक्सीन सेंटर्स पर ही मिलेगी यह सुविधा

सरकार ने 18 से 44 साल की आयु के लोगों के लिए ऑनसाइट रजिस्ट्रेशन और अपॉइंटमेंट की सुविधा देने का फैसला लिया है। हालांकि यह सुविधा सिर्फ सरकारी कोविड वैक्सीनेशन केंद्रों पर ही होगी। फिलहाल यह सुविधा निजी वैक्सीनेशन केंद्रों पर नहीं मिलेगी। प्राइवेट संस्थानों में टीकाकरण के लिए अब भी पहले से ही ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग करानी होगी। इसके अलावा यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर भी निर्भर करेगा कि वे इस फैसले को लागू करते हैं या नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को आदेश दिया है कि वे जिला प्रशासन से ऑनसाइट रजिस्ट्रेशन की सुविधा को लागू करने का काम करें।

### इंटरनेट और स्मार्टफोन नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही थी दिक्कतें

पूरी तरह से प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने के चलते दिन के अंत में कई बार वैक्सीन बर्बाद होने की नौबत आ जाती है। इसकी वजह यह है कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के बाद भी लोग वैक्सीन के लिए नहीं पहुंचते थे। कटनी जिले में भी कईयों बार इस तरह की स्थितियां बनी। ऐसे में बिना रजिस्ट्रेशन वाले लोगों को भी मौके पर ही टीका लगाने की सुविधा से वैक्सीन की बर्बादी कम हो सकेगी। सरकार की ओर से भले ही एक मोबाइल नंबर से 4 लोगों के ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा दी गई है लेकिन इसके बाद भी उन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिनके पास इंटरनेट या फिर स्मार्टफोन नहीं है। खासकर ग्रामी क्षेत्रों में जहां नेटवर्क की प्रॉब्लम ज्यादा रहती है।

# जिले में 370 एक्टिव केस 301 होम आईसोलेशन पर

### 11 नए पॉजीटिव केस के साथ संक्रमण की दर 1 प्रतिशत के नीचे

**स्वास्थ्य विभाग का हेल्थ बुलेटिन**

| तारीख | पॉजीटिव | सेम्पलिंग | संक्रमण दर | डिस्चार्ज | मौत |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 मई | 52 | 1021 | 3.50 | 118 | 04 |
| 22 मई | 29 | 1106 | 2.70 | 88 | 04 |
| 23 मई | 10 | 1121 | 0.89 | 108 | 04 |
| 24 मई | 05 | 1017 | 0.49 | 83 | 04 |
| 25 मई | 11 | 966 | 0.72 | 83 | 03 |

| | |
|---|---|
| पिछले 24 घंटे में पॉजीटिव केस - | 11 |
| अब तक कुल पॉजीटिव केस - | 9317 |
| 24 घंटे में ठीक हुए मरीज - | 83 |
| अब तक कुल ठीक हुए मरीज - | 8849 |
| अब तक मौतें - | 98 |

आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर से राहत का सिलसिला जारी है। संक्रमण की दर 1 प्रतिशत से नीचे आने के बाद एक्टिव केस भी हर दिन कम होते जा रहे हैं। जिले में अब 370 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 301 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। पिछले 24 घंटे में आरटीपीसीआर, रेपिड एंटीजन और निजी लैब से मिली रिपोर्ट में 11 पॉजीटिव केस मिले हैं। खास बात यह है कि शहर में कोरोना संक्रमण से स्थित सुधरने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ गई है। कई गांव ऐसे हैं, जहां पिछले कई दिनों से एक भी पॉजीटिव केस सामने नहीं आया है। इन गांवों को रेड से ग्रीन जोन में करने की कवायद शुरू हो गई है। संक्रमण दर कम होने के बाद अनलॉक की भी मांग शुरू हो गई है। प्रशासन का कहना है कि अनलॉक की प्रक्रिया शासन स्तर पर की जाएगी। क्या गाइडलाइन होगी, इसका निर्धारण शासन स्तर पर ही किया जाएगा। उधर दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि भले ही संक्रमण में कमी आ रही हो लेकिन अभी खतरा टला नहीं है। जब तक यह स्थिति लगातार कई दिनों तक नहीं बनी रहती, तब तक सावधानियां बरतना और प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है।

### आज भी एक प्रतिशत से नीचे पॉजीटीविटी रेट

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि कटनी जिले में पिछले चौबीस घंटे में 11 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। जिसमे 24 मई को रेपिड एंटीजन टेस्ट की 654 सेम्पल की रिपोर्ट में 6, सुप्राटेक लैब अहमदाबाद से मिली 23 मई की 312 सेम्पल की रिपोर्ट में 1 और नई बस्ती स्थित पेटकाइंड प्राईवेट लैब से 4 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह आज भी कटनी जिले में संक्रमण की दर 1 प्रतिशत के नीचे रही।

### हर दिन बढ़ रहा रिकव्हरी रेट

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में हर दिन रिकव्हरी रेट बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 83 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। इस तरह मई के महीने में 2992 और अब तक कुल 8849 मरीज कोरोना से ठीक होकर घर जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मई के महीने में पॉजीटिव केस कम आने के साथ ही ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

### मई में अब तक आधा सैकड़ा से ज्यादा मौतें

अप्रैल के बाद मई के शुरूआती दिनों में भी कोरोना संक्रमण ने ऐसा कहर बरपाया कि मौतों का आंकड़ा आधा सैकड़ा को पार कर गया। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में 1 मई से लेकर 25 मई तक 62 मौतें दर्ज की गई हैं। इस तरह 25 दिनों में औसतन हर दिन चार लोगों ने कोरोना संक्रमण से दम तोड़ा है। पिछले 24 घंटे में भी तीन मृत्यु हुई है। इस तरह अब जिले में कुल मौतों का आंकड़ा 98 तक पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों से अलग हटकर मौतों का आंकड़ा इससे कहीं अधिक है। अप्रैल और मई के शुरूआती दिनों में पन्ना मोड़ में बनाए गए कोविड मुक्तिधाम में हर दिन करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों के अंतिम संस्कार किए गए। इसका रिकार्ड स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे कई निजी स्कूल संचालक

**कटनी।** पिछले करीब सवा साल से निजी स्कूल बंद होने के कारण निजी स्कूल संचालक भयंकर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कुछेक निजी स्कूलों द्वारा ऑनलाइन क्लास के माध्यम से कक्षाएं संचालित करते हुए अभिभावकों से फीस की वसूली की गई लेकिन छोटे-छोटे स्कूलों में न तो ऑनलाइन क्लास संचालित हुई और न ही उन्होंने फीस की वसूली की। जिससे ऐसे निजी स्कूल संचालक बीते सवा साल से कई तरह की आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। बड़ी तादात में ऐसे स्कूल हैं, जो बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। निजी स्कूल संचालकों ने अब राज्य सरकार से मदद की गुहार लगाई है। निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि मार्च 2020 से मई 2021 के इन 14 महीनों से स्कूल बंद होने से आय के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। जिससे निजी स्कूल संचालक आर्थिक संकट से जूझ रहे है। इस दौरान कई छोटे स्कूलों में ताला लग गया। कई लोगों ने अपनी सेविंग और जेवर बेचकर स्कूल को बचाया और बचा रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री के साथ ही किसी भी जनप्रतिनिधि ने मदद के लिये पहल नहीं की। बताया जाता है कि यदि इस साल भी स्कूल नहीं खुलेंगे तो आर्थिक संकट के कारण मप्र के लगभग 40 प्रतिशत स्कूल बर्बाद हो जाएंगे। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि मप्र सरकार द्वारा राहत पैकेज तो दूर आरटीई का पैसा भी नहीं दिया गया।

# कोरोना इफेक्ट : कई छोटे स्कूलों में लग गया ताला

### राज्य सरकार से नहीं मिली मदद, पिछले चार सालों से नहीं मिली शिक्षा का अधिकार अधिनियम की राशि

### नर्सरी से 12वी तक 5 साल तक बढ़ाई जाए मान्यता

निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि पिछले चार सालों से शिक्षा का अधिकार अधिनियम की राशि निजी स्कूलों को नहीं दी गई। निजी स्कूल संचालकों की मांग है कि यह राशि एकमुश्त संचालकों को दी जाए। बताया जाता है कि 2020-21 में स्कूल बंद रहे और कोरोना संक्रमण के कारण इस वर्ष 2021-22 में भी स्कूल नहीं खोले जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में नर्सरी से 12वी तक 5 साल तक मान्यता बढ़ाए जाने और 15 जून तक एजुकेशन पोर्टल पर अपडेट किए जाने की मांग की गई है। कोरोना की दूसरी लहर व तीसरी लहर की दस्तक को देखते हुए और जब तक प्रदेश में 90 प्रतिशत कोरोना में कंट्रोल नहीं हो जाता, तब तक स्कूल के बच्चों व स्टॉफ टीचर की जान को खतरे में नहीं डाला जा सकता, इसलिये सरकार को 25 जून तक इस सत्र 2021-22 में स्कूल न तो खोलने चाहिए और न ही खोलने के आदेश जारी किये जाने चाहिए।

### सरकार करे राहत पैकेज की घोषणा

सत्र 2021-22 में स्कूल बंद रहने पर निजी स्कूल संचालक अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन क्लास, वीडियो व इमेज क्लासेस व नोट्स के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करेंगे। इन 14 महीनों के कोरोना काल में अभिभावकों व संचालकों की आर्थिक स्थिति खराब है। बड़े व्यापारी व शासकीय कर्मचारियों को छोड़कर कोई भी अभिभावक इस सत्र 2021-22 में स्कूल ट्यूशन फीस देने में सक्षम नही है। ऐसे में सरकार प्रत्येक स्कूल की एजुकेशन पोर्टल में टीयूशन फीस देखकर प्रति छात्र की दर से ट्यूशन फीस सरकार स्वयं राहत पैकेज के रूप में मप्र के प्राइवेट स्कूलों 25 जून तक देने की घोषणा करे। सरकार को यह भी आदेश जारी करना चाहिए कि कोरोना काल में स्कूल संचालक, टीचर व स्टॉफ शासकीय जानकारी बनाते समय कोरोना की चपेट में आता है तो उसका मुफ्त इलाज व बीमा की व्यवस्था की सरकार द्वारा की जाएगी। इसके अलावा जब तक स्कूल बंद है, तब तक संपत्ति कर एवं बिजली बिल माफ किए जाने चाहिए। बैंकों की किस्तें बिना ब्याज के बढ़ाई जाये एवं सभी टैक्स माफ किये जाएं।



## डाक पार्सल कंटेनर में हो रही थी भैंसों की तस्करी

### बिलहरी चौकी पुलिस ने मुक्त कराई 31 नग भैंस



**कटनी।** जिले में पशु तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने रविवार की रात डाक पार्सल के कंटेनर में भैंसों की तस्करी पकड़ी है। पुलिस ने 31 नग भैंसों को मुक्त कराते हुए तस्करों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई ने बताया कि रविवार की रात मुखबिरों ने सूचना दी थी कि डाक पार्सल कंटेनर क्रमांक यू.पी.77एन-5622 में भैंसों को क्रूरतापूर्वक लोड कर जबलपुर-कटनी के रास्ते उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा है। मुखबिरों से मिली इस सूचना की तस्दीक करने पुलिस पीरबाबा के समीप हाईवे की घेराबंदी करके खड़ी हो गई और कंटेनर के वहां पहुंचने पर उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक नहीं रूका। जिसके बाद पुलिस ने पीछा किया तो चाका बायपास मार्ग पर चालक व क्लीनर वाहन छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस कंटेनर को जप्त कर चौकी ले आई और उसमें से 31 नग भैंसों को मुक्त कराकर दिगबंर जैन गौशाला के सुपुर्द किया है। मामले में तस्करों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 Emergency Service — दवाईयॉं, एम्बुलेंस, कैंटीन, पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था











स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)